फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट जयपुर

गोरधन बनाम एस डी ओ फागी व अन्य

केस संख्या 114/2022 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
04.08.2022	अप्रार्थी संख्या 2 (क) रामरतन द्वारा प्रार्थना पत्र पेश करने पर पत्रावली आज पेश हुई। अप्रार्थी ने अवगत कराया है कि उपखण्ड अधिकारी फागी के पीठासीन अधिकारी श्री राजकुमार कस्वा का अन्यत्र. स्थानान्तरण हो गया है। अब उपखण्ड अधिकारी फागी में विचाराधीन प्रकरण को मुन्तकिल किये जाने का कोई औचित्य नहीं है । अप्रार्थी को गौर से सुना गया। पत्रावली का भलीभांति अवलोकन किया गया । प्रार्थी ने उपखण्ड अधिकारी फागी के समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 05/2022 ब उनवानी आम जनता दतुली बनाम तहसीलदार व अन्य में पीठासीन अधिकारी श्री राजकुमार कस्वा से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को अन्यत्र सक्षम न्यायालय में स्थानान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी फागी के पीठासीन अधिकारी श्री राजकुमार कस्वा का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरूद्व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वतः ही प्रभाव शुन्य (Infructuous) हो गया है। इसलिए मुन्तकिल प्रार्थना पत्र को आगे चलाने का कोई औचित्य नहीं है। फलस्वरूप प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। (प्रकाश राजपुरोहित) जिला कलक्टर जयपुर	